# ज्वेरेव और सबालेंका की मैड्रिड ओपन में आसान जीत

## ज्वेरेव ने रॉबर्टो को तो सबालेंका ने ब्लिंकोवा को पराजित किया

**मैड्रिड, 26 अप्रैल.** शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने शुरुआती मैचों में आसान जीत हासिल की।ज्वेरेव ने स्थानीय खिलाड़ी रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 6-2 से, जबकि सबालेंका ने क्वालीफायर अन्ना ब्लिंकोवा को 6-3, 6-4 से हराया।

तीसरे दौर में ज्वेरेव का मुकाबला नूनो बोर्गेस या एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगा। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त सबालेंका का तीसरे दौर में 28वीं वरीयता प्राप्त एलिस मर्टेंस से मुकाबला होगा।महिला वर्ग में ही अनास्तासिया पोटापोवा ने आठवीं वरीयता प्राप्त किनवेन झेंग को हराया, जबकि 15वीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी पीटन स्टर्न्स से 6-2, 2-6, 7-5 से हार गईं। छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने केटी बोल्टर को 6-1, 6-2 से हराया। तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ईवा लिस को 6-2, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में पहुंच गईं। पेगुला का अगला मुकाबला मोयुका उचिजिमा से होगा, जिन्होंने ओंस जाबेउर को तीन सेटों में हराया।पुरुष वर्ग में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज़ ने ब्रिटेन के क्रिस्टोफर ओ'कोनेल को 6-1, 6-4 से और कैस्पर रूड ने आर्थर रिंडरकनेच को 6-3, 6-4 से हराया। एक अन्य मैच में अमेरिका के बेन शेल्टन ने मारियानो नवोन को 4-6, 7-6 (5), 6-3 से पराजित किया।बुधवार को टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक उम्र के मैच विजेता खिलाड़ी बनने वाले 38 वर्षीय गेल मोनफिल्स बीमारी के कारण गत चैंपियन एंड्रे रुबलेव के साथ मैच से हट गए।



### झेंग किनवेन को पोटापोवा ने किया बाहर

चीनी टेनिस स्टार झेंग किनवेन मैड्रिड ओपन से बाहर हो गईं, उन्हें एक घंटे 40 मिनट तक चले मैच में रूस की अनास्तासिया पोटापोवा से 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा।64वें राउंड में झेंग के बाहर होने से मैड्रिड में पुरुष या महिला एकल टूर्नामेंट में कोई भी चीनी खिलाड़ी नहीं बचा है।पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता को आठवीं वरीयता दी गई थी, लेकिन शुक्रवार को गर्म और धूप वाली दोपहर में दुनिया की 87वीं रैंकिंग की पोटापोवा के खिलाफ उन्हें अपनी लय हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा।झेंग की मुख्य समस्या उसकी सर्विस को लेकर थी, क्योंकि वह पहले सेट में केवल 40 प्रतिशत अंक ही जीत पाई, जबकि पोटापोवा ने पहली सर्विस पर 64 प्रतिशत अंक जीतकर झेंग को दबाव में रखा। झेंग ने ने पहले सेट में 5-3 से पिछड़ने के दौरान पोटापोवा की सर्विस तोड़ी। हालांकि, पोटापोवा ने 10वें गेम में फिर से झेंग की सर्विस तोड़ी और पहला सेट 6-4 से अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में, झेंग ने तीसरे गेम में पोटापोवा की सर्विस तोड़ी और अपनी सर्विस को



अच्छी तरह से काम करना शुरू किया, लेकिन सातवें और नौवें गेम में उसकी सर्विस टूट गई।शुक्रवार को अन्य परिणामों में 17वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने सोनय कार्टल को 6-3, 6-1 से हराया। एलिस मर्टेनस ने कैमिला ओसोरिया के खिलाफ 6-3, 6-3 से जीत हासिल की.

# पंजाब-केकेआर मैच आंधी-बारिश की भेंट

## दोनों टीमों को मिले 1-1 अंक, प्रभसिमरन-प्रियांश ने की 120 रन की साझेदारी

**नई दिल्ली 26 अप्रैल.** कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच ईडन गार्डन्स में चल रहा मुकाबला रद्द हो गया है. पंजाब ने कोलकाता के सामने चार विकेट के नुकसान पर 202 रनों का लक्ष्य रखा था. वहीं इस टारगेट के जवाब में कोलकाता की टीम मैदान में उतरी और केवल एक ही ओवर खेल पाई. कोलकाता ने पहले ओवर में सात रन बनाए. इसके बाद आंधी-तूफान और बारिश के कारण मैच को रद्द कर दिया गया और दोनों ही टीमों को 1-1 पॉइंट दिया गया है.

इससे पहले पंजाब ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 201 रन जुटाए। प्रभसिमरन सिंह (49 गेंदों में 83, छह चौके, छह सिक्स) और प्रियांश आर्य (35 गेंदों में 69, आठ चौके, चार सिक्स) ने गदर काटा। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी पंजाब टीम ने दमदार शुरुआत की। प्रभसिमरन और प्रियांश ने पहले विकेट के लिए 120 रनों की साझेदारी की। प्रियांश 12वें पवेलियन लौटे। प्रभसिमरन ने 15वें ओवर में आउट से पहले कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ दूसरे विकेट के लिए 40 रनों की पार्टनरशिप की। पंजाब का चौथा विकेट मार्को यान्सन के तौर पर गिरा.




### एलएसजी के सामने नए आत्मविश्वास से उतरेगी मुंबई

**मुंबई .** आईपीएल 2025 में चार मैचों में शानदार जीत से उत्साहित मुंबई इंडियंस रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ नये आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।यह मैच मुंबई के लिए प्लेऑफ में जगह बनाने के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। मुंबई अब तक नौ मैचों में 10 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं वहीं एलएसजी ने इस सीजन में असंगत प्रदर्शन किया है और वह पांच जीत और चार हार के साथ छठे स्थान पर है।मुंबई की वापसी काफी हद तक उनके प्रमुख खिलाड़ियों के फॉर्म की वजह से है। सीजन की धीमी शुरुआत के बावजूद, एमआई ने हाल के मैचों में अपनी किस्मत बदल दी है। उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाइयों ने सही समय पर काम करना शुरू कर दिया है।

### कोहली की विराट फार्म से जूझेगी दिल्ली

आईपीएल के मौजूद सत्र में अब तक 392 रन ठोक चुके विराट कोहली की शानदार फॉर्म रविवार को यहां मेजबान दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के अभियान का अहम हिस्सा होगी।अरुण जेटली स्टेडियम में कल शाम आईपीएल की दो शीर्ष टीमें आमने सामने होंगी। कोहली की शीर्ष पर निरंतरता आरसीबी के हालिया प्रदर्शन का आधार रही है, जिससे टीम को अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत मिली है।

# 23 साल पुराना अंजू बॉबी जॉर्ज का रिकॉर्ड शैली ने तोड़ा

## फेडरेशन कप में लगाई 6 .64 मीटर की छलांग



**नई दिल्ली, 26 अप्रैल. भारतीय एथलेटिक्स को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए युवा लॉन्ग जम्पर शैली सिंह ने नेशनल फेडरेशन कप में धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने शुक्रवार को 6.64 मीटर की शानदार छलांग लगाकर दिग्गज एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज का 23 साल पुराना मीट रिकॉर्ड तोड़ते हुए देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया।**

इस ऐतिहासिक जीत के बाद शैली ने जो भावुक बयान दिया, उसने खेल प्रेमियों के दिल जीत लिए।रिकॉर्ड तोड़ने के बाद अपनी खुशी जाहिर करते हुए शैली सिंह ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा,अंजू मैम का लंबे समय तक कायम रहा फेडरेशन कप रिकॉर्ड तोड़ना मेरे लिए गर्व का पल है।


उनकी उपलब्धियां हमेशा मेरी प्रेरणा रही हैं और उनके नक्शेकदम पर चलना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सपना रहा है। यह रिकॉर्ड 23 वर्षों तक बना रहा, जो उनकी महानता को दर्शाता है और आज इस विरासत का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। शैली ने कहा, यह तो बस शुरुआत है। मैं इस उपलब्धि से संतुष्ट नहीं हूं। मेरा सपना है कि मैं भारतीय एथलेटिक्स को और भी ऊंचाइयों तक ले जाऊं।

### रिकॉर्ड बनते ही टूटने के लिए : अंजू

अपनी रिकॉर्डधारी शिष्या की उपलब्धि पर अंजू बॉबी जॉर्ज ने भी खुशी जताई और कहा, रिकॉर्ड टूटने के लिए ही होते हैं और शैली ने यह कारनामा कर दिखाया।उनकी तरक्की देखकर गर्व होता है।शैली भारतीय महिला एथलेटिक्स के उज्ज्वल भविष्य की मिसाल हैं। शैली सिंह की यह ऐतिहासिक छलांग भारतीय एथलेटिक्स में एक नई उम्मीद की किरण लेकर आई है।उनका जुनून, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत इस बात का संकेत है कि भारतीय महिलाएं खेल जगत में वैश्विक मंच पर एक नई पहचान बनाने को तैयार हैं।

# टीसीएस वर्ल्ड 10 में उतरेंगे चेप्टेगेई

**बेंगलुरु, 26 अप्रैल.** बेंगलुरु की सड़कों से शुरू हुआ जोशुआ चेप्टेगेई का अंतरराष्ट्रीय सफर अब एक बार फिर इसी शहर में नया मोड़ लेने जा रहा है। दो बार के ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर चेप्टेगेई 11 साल बाद टीसीएस वर्ल्ड 10के में हिस्सा ले रहे हैं और इस दौड़ को वे अपने करियर के नए अध्याय की शुरुआत मानते हैं। जोशुआ चेप्टेगेई के लिए बेंगलुरु और टीसीएस वर्ल्ड 10के इमोशनल मायने रखते हैं। साल 2014 में यह उनकी पहली विदेश यात्रा थी और यहीं से उन्हें आत्मविश्वास मिला था, जिसके दम पर उन्होंने उसी साल वर्ल्ड जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10,000 मीटर का गोल्ड जीता था।



- बेंगलुरु में कॅरियर का नया अध्याय करेंगे शुरू

# जोखिम वाले बैंकों से 250 करोड़ टका निकाला

## बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने फंड सुरक्षा पर दी सफाई

**ढाका, 26 अप्रैल (वार्ता)** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शनिवार को नेतृत्व परिवर्तन के बाद से किए गए कुछ वित्तीय लेन-देन पर स्पष्टीकरण जारी किया है। बीसीबी ने दावा किया है कि ये लेन-देन बीसीबी के फंड की सुरक्षा को 'मजबूत' करने के लिए किए गए थे ताकि संस्था को 'निहित स्वार्थों' से बचाया जा सके।बोर्ड ने यह सफाई तब जारी की है जब कुछ मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया था कि फारुक अहमद के बीसीबी अध्यक्ष बनने के बाद से वित्तीय लेन-देन में कुछ अनियमितताएं हुई हैं।

- सुरक्षित बैंकों में 238 करोड़ पुनर्निवेशित

बीसीबी ने कहा जोखिमपूर्ण माने जाने वाले बैंकों से बीडीटी 250 करोड़ वापस ले लिए और उसमें से बीडीटी 238 करोड़ को ग्रीन और येलो ज़ोन बैंकों में फिर से निवेश किया। शेष बीडीटी 12 करोड़ को बीसीबी के परिचालन व्यय को सुविधाजनक बनाने के लिए एक निर्दिष्ट खाते में स्थानांतरित कर दिया गया।

### एक नजर में



### भारत ने 43 पदक पक्के किए

**अम्मान (जॉर्डन).** भारत के चार और मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर यहां चल रही पहली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में देश के लिए 43 पदक सुनिश्चित कर लिए हैं। भारत ने अंडर-15 वर्ग में कम से कम 25 पदक पक्के कर लिए हैं, जबकि अंडर-17 वर्ग में 18 पदक जीतने तय हैं, क्योंकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सभी खिलाड़ियों को कम से कम कांस्य पदक मिलता है।अमन सिवाच (63 किग्रा) और देवांश (80 किग्रा) ने अंडर-17 लड़कों के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में क्रमश: फिलीपींस और जॉर्डन के मुक्केबाजों के खिलाफ आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में जीत हासिल की।लड़कियों के वर्ग में, सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) ने जॉर्डन की अया अलहसनत पर 5-0 से जीत दर्ज की, जबकि हिमांशी (70 किग्रा) ने फिलिस्तीन की फराह अबू लैला के खिलाफ आरएससी के साथ पहले ही दौर में अपना मुकाबला समाप्त कर दिया।

### शुभंकर शर्मा कट से चूके

**हेनान (चीन).** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके और दूसरे दौर में तीन ओवर 75 का कार्ड खेलने के कारण हेनान क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में कट हासिल करने से चूक गए।उनका 69-75 के कार्ड से उनका दो दौर में स्कोर इवन पार रहा।दूसरे दिन का खेल अंधेरा होने के कारण रोकना पड़ा था लेकिन जब सुबह दूसरे दौर का खेल खत्म हुआ तो यह भारतीय कट से चूक गया।वह पिछले हफ्ते वोल्वो चाइना ओपन में भी कट से चूक गए थे।

### क्वेटा ग्लैडिएटर्स की रोमांचक जीत

**लाहौर.** कराची किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को क्वेटा ग्लैडिएटर्स ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) में पांच रन से रोमांचक जीत दर्ज की।143 रनो के विजय लक्ष्य का पीछा करने उतरी कराची ने अच्छी शुरुआत के बावजूद के छह विकेट 5 .4 ओवर के खेल में मात्र 22 रन जोड़ कर गंवा दिये। कराची की टीम ओपनर टिम सीफर्ट के 47 और जेम्स विंस के 30 रनों की बदौलत कराची एक समय एक विकेट खोकर 75 रन पर थी लेकिन 12वें ओवर के अंत में सीफर्ट के आउट होने से टीम का मध्यक्रम ढहना शुरु हो गया और टीम का स्कोर 93-2 से 115-8 पर आ गया।

# कोपा डेल रे फाइनल में फिर भिड़ेंगी बार्सा-रियल

## रियल को सीजन में तीसरी बार हराने की कोशिश में बार्सिलोना



**नई दिल्ली, 26 अप्रैल.** कोपा डेल रे 2025 का फाइनल मुकाबला शनिवार को (भारतीय समयानुसार रविवार) फुटबॉल की दो सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्वी टीमों—बार्सिलोना और रियल मैड्रिड—के बीच खेला जाएगा।

- फाइनल मुकाबला सेविला के ला कार्तूजा स्टेडियम में

शानदार फॉर्म में चल रही बार्सिलोना जहां सीज़न में रियल को तीसरी बार हराने का सपना देख रही है, वहीं संघर्ष कर रही रियल मैड्रिड की नज़र एक ट्रॉफीलेस सीज़न से बचने और प्रतिष्ठा बचाने पर होगी।

> बार्सिलोना ने इस सीज़न में रियल मैड्रिड को दो बड़े मुकाबलों में करारी शिकस्त दी है। अक्टूबर में ला लीगा के तहत सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में 4-0 की जीत और जनवरी में सऊदी अरब में खेले गए स्पेनिश सुपर कप फाइनल में 5-2 से रियल को हराकर बार्सा ने अपना दबदबा साफ कर दिया है।दोनों टीमें सेविला के प्रतिष्ठित ला कार्तूजा स्टेडियम में कोपा डेल रे फाइनल के लिए भिड़ेंगी। यह आठवीं बार होगा जब बार्सिलोना और रियल मैड्रिड इस टूर्नामेंट के फाइनल में आमने-सामने होंगी।

# आज भारतीय महिला टीम के सामने श्रीलंका

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल.भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को कोलंबो में महिला त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।**

यह सीरीज इस साल के अंत में भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जहां खासतौर पर गेंदबाजी संयोजन को परखने पर जोर रहेगा। बल्लेबाजी विभाग फिलहाल काफी संतुलित और मजबूत नजर आ रहा है। इस सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका की है।भारतीय टीम इस समय तेज गेंदबाजी संसाधनों की चुनौती से जूझ रही है। रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और तीतास साधु चोटिल हैं, जिससे टीम को अरुंधति रेड्डी और ऑलराउंडर अमनजोत कौर पर निर्भर रहना पड़ रहा है। तेज गेंदबाजों के सीमित विकल्पों के बीच कप्तान हरमनप्रीत कौर युवा तेज गेंदबाज काश्वी गौतम को भी मौका देकर परखना चाहेंगी। काश्वी ने हाल ही में महिला प्रीमियर लीग में गुजरात जायंट्स के लिए शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने नौ मैचों में 6.45 की इकॉनमी रेट से 11 विकेट झटके थे। उनकी फॉर्म भारतीय टीम के लिए उत्साहजनक संकेत है।

- प्रेमदासा की धीमी पिचों पर स्पिनरों पर भरोसा
- तेज गेंदबाजी में चोटों से जूझ रही भारतीय टीम




**सुदीरमन कप** — सात्विक-चिराग फिटनेस कारणों से बाहर, अनुपमा, प्रणय से भी उम्मीदें

# पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन करेंगे भारतीय चुनौती का नेतृत्व

**ज़ियामेन, 26 अप्रैल.शीर्ष शटलर पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन आगामी सुदीरमन कप 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती का नेतृत्व करेंगे, जो ओलंपिक.कॉम के अनुसार 27 अप्रैल से 4 मई तक चीन में खेला जाएगा।**

बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) द्वारा आयोजित सुदीरमन कप एक प्रतिष्ठित द्विवार्षिक अंतर्राष्ट्रीय मिश्रित टीम बैडमिंटन टूर्नामेंट है। सुदीरमन कप में प्रत्येक टाई में पांच मैच होते हैं - पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल।विश्व नंबर 18 पर भारत की सर्वोच्च रैंकिंग वाली महिला एकल खिलाड़ी सिंधु 20 वर्षीय अनुपमा उपाध्याय के साथ टीम का नेतृत्व करेंगी। पुरुष एकल में नंबर 18 पर काबिज लक्ष्य सेन पुरुष एकल लाइनअप में एचएस प्रणय के साथ जुड़ेंगे।भारत को विश्व नंबर 11 पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की सेवाएं नहीं मिल पाएंगी, जो फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण हट गए हैं। उनकी अनुपस्थिति हरिहरन अमसाकरुणन और रुबन कुमार रेथिनसाबपति के लिए अपनी छाप छोड़ने का अवसर खोलती है। महिला युगल में, तनीषा क्रास्टो प्रिया कोंजेंगबाम के साथ जोड़ी बनाएंगी, जबकि मिश्रित युगल संयोजनों में ध्रुव कपिला-श्रुति मिश्रा और सतीश कुमार-आद्या वारियाथ शामिल हैं।भारत ने अपनी विश्व टीम रैंकिंग के आधार पर सुदीरमन कप के लिए क्वालीफाई किया और वर्तमान में नंबर 8 पर है। उन्हें ग्रुप डी में मजबूत दावेदार इंडोनेशिया (विश्व नंबर 3), डेनमार्क (नंबर 7) और इंग्लैंड (नंबर 14) के साथ रखा गया है। प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में आगे बढ़ेंगी।सुदीरमन कप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2011 और 2017 में आया जब वे क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। हालांकि, 2023 में चीन में हुए संस्करण में, भारत मलेशिया और चीनी ताइपे से पीछे तीसरे स्थान पर रहकर ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रहा।



### सुदीरमन कप में भारत का कार्यक्रम

- 27 अप्रैल, रविवार- भारत बनाम डेनमार्क - दोपहर 2 .30 बजे
- 29 अप्रैल, मंगलवार- इंडोनेशिया बनाम भारत - दोपहर 2 .30 बजे
- 1 मई, गुरुवार- भारत बनाम इंग्लैंड - दोपहर 2 .30 बजे
- 2 मई, शुक्रवार- क्वार्टर फाइनल (यदि भारत क्वालीफाई करता है) - सुबह 7 .00 बजे से
- 3 मई, शनिवार- सेमीफाइनल (यदि भारत क्वालीफाई करता है) - सुबह 7 .00 बजे से
- 4 मई, रविवार- फाइनल (यदि भारत क्वालीफाई करता है) - सुबह 11 .30 बजे से